पत्राँकः– YEIDA / उद्योग / 2020 / 5334

दिनांक 24 / 04 / 2020

सेवा में,

प्रबंधक
सिस्टम–अनुभाग / मार्केटिंग
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

महोदय,

अवगत कराना है कि यीडा के औद्योगिक सैक्टर–29 में अपैरल पार्क, हैण्डीक्रॉफ्ट–ओ0डी0ओ0पी0 पार्क, एम0एस0एम0ई0 पार्क की औद्योगिक भू–आवंटन की योजना– YEA/IND-PARK(2020)-01 जो दिनांक 26.01.2020 को समाचार पत्रों में विज्ञापित करायी गयी थी जिसके अन्तर्गत आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.03.2020 निर्धारित थी परन्तु कोरोना वाइरस (**Covid-19**) के संक्रमण के दृष्टिगत् भारत सरकार द्वारा 25 मार्च 2020 से 14 अप्रैल 2020 तक लॉकडाउन घोषित कर दिये जाने के कारण आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.03.2020 के स्थान पर 15.05.2020 तक बढ़ायी गयी थी। वर्तमान में कोरोना वाइरस (**Covid-19**) के संक्रमण की स्थिति गम्भीर बनी हुई है तथा लॉकडाउन की तिथि 03 मई, 2020 तक बढ़ा दी गयी है जिसे देखते हुए आवेदन करने की वर्तमान अन्तिम तिथि **15 मई 2020** के स्थान पर **30 जून 2020** तक बढ़ाये जाने हेतु सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है।

कृपया उक्त सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड करते हुए फ्लैश मैसेज देने व हिन्दी व अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्रों में इसका विज्ञापन छपवाने का कष्ट करें।

(आलोक नाथ)
सहायक महाप्रबंधक (उद्योग)

प्रतिलिपिः–

1. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रबंधक (मार्केटिंग) को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक महाप्रबंधक (उद्योग)

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलैक्स,पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1 ग्रेटर नोएडा, सिटी, गौतमबुद्ध नगर, 201308 (उ0प्र0) दूरभाष नं:– 0120–2395151 एवं 53, फैक्स नं:–0120–2395150

Scanned by CamScanner

FUTURE IS HERE

सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा **अपैरल पार्क, एम0एस0एम0ई0 पार्क, और हैण्डीक्राफ्ट–ओ0डी0ओ0पी0 पार्क** हेतु औद्योगिक भूखण्डों की योजना– **YEA/IND-PARK(2020)-01** प्रकाशित की गयी थी, जिसमें आवेदन की अन्तिम तिथि 15 मई 2020 तक बढ़ायी गयी थी, कोरोना वाइरस (Covid-19) एवं देश में लॉकडाउन की स्थिति के कारण आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 जून 2020 तक बढ़ायी जाती है। आवेदन पूर्व की भाँति निवेश–मित्र पोर्टल से ही किया जाएगा।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलैक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1 ग्रेटर नोएडा, सिटी, गौतमबुद्ध नगर, 201308 (उ0प्र0) दूरभाष नं:– 0120–2395151 एवं 53, फैक्स नं:–0120–2395150

Scanned by CamScanner